# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 05.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदय श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(2).** आज दिनाँक 05.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अंशुल कुमार तथा उनके साथी द्वारा मु0अ0सं0 302/2024 धारा 354,452,323,506 भादवि0 के वांछित अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र रामबली पाल निवासी कसहाई थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री अंशुल कुमार थाना कोतवाली कर्वी

2.उ0नि0 श्री गजबये आलम

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनुभव वर्मा तथा उनकी टीम द्वारा

अभियुक्त सीतापुर पुत्र इन्द्रपाल पटेल निवासी जुड़गूडू थाना बन्सिया जिला छतरपुर म0प्र0 को 01 अदद अद्दी 12 बोर, 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना बहिलपुरवा में मु0अ0सं0 34/2024 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

1.एक अदद अद्धी 12 बोर

2.एक अदद तमंचा 315 बोर

3.एक अदद कारतूस 12 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अनुभव वर्मा थाना बहिलपुरवा

2.मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार

3.मुख्य आरक्षी चालक सज्जन कुमार

**(5).** आज दिनाँक 05.06.2024 को अपर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि द्वारा ज्येष्ठ मास अमावस्या मेला डियूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को कहा गया कि सभी अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे, कोई भी अधिकारी/कर्मचारी डियूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा। गर्मी को देखते हुये सभी सावधानी रखें तथा ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जय करन सिंह, प्रतिसार निरीक्षण श्री शिवनारायण,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,चौकी प्रभारी सीतापुर श्री गौरव तिवारी एवं मेला में लगे समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(6). आज दिनांक 05.06.2024 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रानीपुर भट्ट वन विभाग सीतापुर के रामघाट से बेडीपुलिया मार्ग के डिवाइडर पर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कर जनपद वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधें लगाने का अपील किया गया।
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री अभिषेक आनंद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाए और जो पौधे लगाए जाएं, उनकी उचित देखभाल भी करना होगा, तभी विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन सफल माना जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण करना एवं उनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पौधे जब बड़े होते हैं, तो फल, फूल एवं छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन भी देते हैं। उन्होनें कहा कि सभी नागरिकों को अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होनें जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग प्रतिज्ञा करे कि इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौध लगाने के साथ ही उनकी उचित देख-भाल करेंगे।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा रानीपुर भट्ट सीतापुर मार्ग बेडीपुलिया से रामघाट मार्ग के डिवाइडर पर विश्व पर्यावरण संरक्षण के अवसर पर पौधारोपण कर चित्रकूट पुलिस एवं सभी नागरिकों बताया कि पर्यावरण पशु,पक्षी,मानव जीवन आदि प्रत्येक जीव के साथ जुड़ा हुआ है और हमारे चारों तरफ वह हमेशा व्याप्त होता इसलिए हमें पर्यावरण को बचाये रखने के लिए अत्यधिक संख्या में पेड़- पौधें लगाकर उसकी सुरक्षा करनी चाहियें क्योकि पेड़ पैधे हमें फल,फुल एवं छाया प्रदान कर जीवन के लिए ऑक्सीजन भी देते है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट को सिंदूर का पैधा भेंट किया गया।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम, अपर जिला अधिकारी न्यायिक श्री राजेश प्रसाद, प्रभागीय बना अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह, एसडीओ फॉरेस्ट श्री राजीव रंजन सिंह सहित वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

(7).	आज दिनाँक 05.06.2024 को अपर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा ज्येष्ठ मास अमावस्या पर्व के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रामघाट का भ्रमण कर रामघाट पर अतिक्रमण किए दुकानों को पीछे से लगाने हेतु बताया गया तथा साफ सफाई को देखकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।
इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहें।

(8).	आज दिनाँक 5.06.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक श्री सूर्यकान्त अरुण राय के मार्गदर्शन में एएसचेक टीम, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा ज्येष्ठ मास अमावस्या पर्व के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, आरती स्थल निर्मोही अखाड़ा आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की गई।